# मैं पंजाब दी धरती नूं नमन करदा हां : पीएम

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संत निरंजन दास के छुए पैर, आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदला

**जालंधर, 01 फरवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविदासिया समाज के जालंधर स्थित सबसे बड़े धार्मिक स्थल डेरा सचखंड बल्लां पहुंचे. उन्होंने 33 मिनट कार्यक्रम को संबोधित किया. इसमें रविदास की वाणी से 3 श्लोक पढ़े. काशी (वाराणसी), मध्यप्रदेश और पंजाब में संत रविदास की सेवा करने की बात दोहराई. रविदासिया समाज के साथ वाल्मीकि समाज को भी साधा. वाल्मीकि समाज को साधने के लिए अयोध्या के एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर करने की बात बताई.**

पीएम मोदी ने संत निरंजन दास के पैर छूकर श्रद्धालुओं को संबोधित किया. उन्होंने कहा- मेरा रिश्ता संत रविदास जी की जन्मभूमि काशी से है. मैं पंजाब दी धरती नूं नमन करदा हां (मैं पंजाब की धरती को नमन करता हूं). पीएम ने आज पेश हुए बजट में पंजाब को मिले लाभ का जिक्र किया. साथ ही यूरोपीय यूनियन के साथ हुई ट्रेड डील का जिक्र करते हुए कहा कि अब पंजाब में बने कपड़े और सामान यूरोप के बाजारों में बिकेगा. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डेरे के प्रबंधक ने कहा कि हम पीएम के आने से बहुत खुश हैं. पहली बार कोई प्रधानमंत्री हमारे बीच आया.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संत निरंजन दास के छुए पैर.



आदमपुर एयरपोर्ट का निरीक्षण करते हुए पीएम.

### आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदला

इससे पहले पीएम दिल्ली से आदमपुर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने पहले आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदलकर श्री गुरू रविदास महाराजजी एयरपोर्ट, आदमपुर रखने का उद्घाटन किया. इसके बाद लुधियाना के हलवारा स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया.

### पीएम के दौरे के पहले नवजोत कौर ने छोड़ी कांग्रेस




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंजाब दौरे से पहले पूर्व मुख्य संसदीय सचिव नवजोत कौर सिद्धू ने कांग्रेस को अलविदा बोल दिया है. नवजोत कौर सिद्धू पूर्व मंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिद्धू की पत्नी हैं. पिछले कई महीने से सिद्धू दंपति पंजाब की सक्रिय राजनीति से दूर हैं. नवजोत सिंह सिद्धू को हाल ही में राहुल गांधी की हुई बैठक में भी नहीं बुलाया गया था. कैंसर से ठीक होने के बाद दोबारा सक्रिय हुई नवजोत कौर सिद्धू हाल ही में उस समय सुर्खियों में आई थी, जब उन्होंने कहा था कि कांग्रेस में 500 करोड़ की अटैची देने वाला ही मुख्यमंत्री बनता था. इसके बाद वह समूची कांग्रेस के निशाने पर आ गई थी. इस पर प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने 8 दिसंबर को उन्हें नोटिस जारी करके पार्टी से निलंबित कर दिया था.

# चीनी जेट बेचकर कर्जा चुका रहा पाक

**इस्लामाबाद, 01 फरवरी. पाकिस्तान की आर्थिक हालत किसी से छिपी नहीं है. देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए पाकिस्तान हर मुमकिन पैंतरा आजमाता है. इसी कड़ी में अब पाकिस्तान ने दलाली का काम भी शुरू कर दिया है.**

जी हां, पाकिस्तान 9 देशों को चीन के लड़ाकू विमान बेच रहा है. 9 देशों की इस लिस्ट में सऊदी अरब समेत 8 मुस्लिम देश शामिल हैं.पाकिस्तान ने चीन के लड़ाकू विमान जेएफ-17 की बोली लगाना भी शुरू कर दिया है. पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पाक और चीन का जॉइंट वेंचर स्थापित किया गया है, जिसके तहत जे-सीरीज लड़ाकू विमानों का प्रोडक्शन किया जा रहा है. इस्लामाबाद के



कामरा में चीन की कंपनी चेंडु एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन और पाकिस्तान एयरोनॉटिकल कॉम्पलेक्स ने जॉइंट वेंचर की शुरुआत की है. इसमें वेंचर में चीन के 500 एयरोनॉटिकल इंजीनियर मौजूद हैं. चीन और पाकिस्तान की इस डील को ऑलवेज ब्रदर डील का नाम दिया गया है. इस डील के तहत 200 फाइटर जेट बेचने का लक्ष्य है, जिसका 80 प्रतिशत चीन के खाते में जाएगा और बाकी का 20 प्रतिशत पाकिस्तान लेगा.

### पाक पीएम ने कहा था- कर्ज मांगने में अब शर्म आती है


बता दें कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने विदेशी कर्ज पर देश की बढ़ती निर्भरता को लेकर नाराजगी जताई है. देश की बदहाल आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें बार-बार विदेशी दौरों पर जाकर कर्ज मांगना पड़ा. पाकिस्तानी प्रधानमंत्री राजधानी इस्लामाबाद में कारोबारी नेताओं को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा, 'मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और मैं दुनियाभर में पैसे मांगने जाते हैं तो हमें शर्म आती है.'

### चीन के जेएफ-17 फाइटर जेट के खरीदार ढूढ़ रहा है पाक

चीन के जेएफ-17 फाइटर जेट बेचने के लिए पाकिस्तान ने खरीददार ढूंढ रहा है. पाक ने अब तक 9 देशों को ये लड़ाकू विमान बेचना शुरू कर दिया है. इस लिस्ट में सऊदी अरब, नाइजीरिया, अजरबैजान, लीबिया, मोरक्को, इंडोनेशिया, इथियोपिया और सूडान का नाम शामिल है.

## एक नजर में

### एनसीपी के विलय पर सस्पेंस हुआ बरकरार



**मुंबई, 01 फरवरी.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के संभावित विलय को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है. इसी बीच, एनसीपी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार रविवार सुबह बारामती से मुंबई के लिए रवाना हो गए, जबकि अजित पवार की पत्नी और नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार देर रात बारामती लौट आई. बता दें कि सुनेत्रा पवार ने शनिवार को मुंबई में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पुणे जिले के बारामती स्थित अपने आवास लौट आई. मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम और एनसीपी के दोनों गुटों के विलय को लेकर चल रही अटकलों के बीच यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है कि शरद पवार और सुनेत्रा पवार के बीच कोई मुलाकात या बातचीत हुई या नहीं.

### बिहार में हादसों में 15 लोगों की मौत


**पटना, 01 फरवरी.** बिहार में हादसे में एक दिन में 15 लोगों की मौत हो गयी. यह हादसा राजधानी पटना, भोजपुर और गोपालगंज में हुआ. इस हादसे में दो मासूम, दो बाप-बेटी सहित 15 लोगों की जान चली गई. बिहटा थाना क्षेत्र में शनिवार की रात हादसे में 6 लोगों की मौत हो गयी. घटना परेव टोला पुल के पास की है, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने एक ऑटो में टक्कर मार दी. पटना में सड़क हादसे में 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो, गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए. ये सभी लोग माघ पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के लिए शेखपुरा से पटना के मोकामा जुगाड़ गाड़ी पर सवार होकर जा रहे थे, तभी बिहटा-सरमेरा राष्ट्रीय राज्यमार्ग 33 के घोसवरी थाना क्षेत्र कारकइन गांव के निकट हादसा हो गया. बक्सर-पटना फोरलेन भोजपुर थाना के चंदा गांव के पास हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई. गोपालगंज में हादसे में बाप-बेटी की मौत हो गई.

### शादी से पहले संबंध बनाने पर 140 कोड़े की सजा

**जर्काता, 01 फरवरी.** इंडोनेशिया के आचे प्रांत में शरिया कानून तोड़ने पर एक अविवाहित जोड़े को सबके सामने 140 कोड़े मारे गए. दोनों पर शादी से पहले संबंध बनाने और शराब पीने का आरोप था. सजा के दौरान युवती बेहोश हो गई. तीन महिला अधिकारियों ने बारी-बारी से उसे छड़ी से मारा. हालत बिगड़ने पर उसे एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया. इस पब्लिक सजा में कुल 6 लोगों को कोड़े लगाए गए. कानून तोड़ने वालों में शरीया पुलिस का एक अधिकारी और उसकी महिला साथी भी शामिल थे. दोनों को प्राइवेट में साथ पाए जाने के आरोप में 23-23 कोड़े मारे गए. आचे की इस्लामिक पुलिस ने बताया कि अधिकारी को नौकरी से भी निकाला जाएगा. आचे इंडोनेशिया का इकलौता प्रांत है, जहां शरीया कानून लागू है. यहां अविवाहित संबंध पर 100 और शराब पीने पर 40 कोड़े का प्रावधान है. मानवाधिकार संगठन कोनत्रास ने इसे क्रूर बताते हुए नियमों में सुधार की मांग की है.

### 5 साल के बच्चे को रिहा करने का आदेश

**न्यूयार्क, 01 फरवरी.** अमेरिका में एक फेडरल कोर्ट ने 5 साल के बच्चे लियाम कोनेहो रामोस और उसके पिता एड्रियन को इमिग्रेशन डिटेंशन से रिहा करने का आदेश दिया है. दोनों को टेक्सास के साउथ टेक्सास फैमिली रेजिडेंशियल सेंटर में रखा गया था. रिपोर्ट के मुताबिक जज ने आदेश दिया कि बच्चे और उसके पिता को जितनी जल्दी संभव हो रिहा किया जाए और किसी भी हाल में मंगलवार तक छोड़ दिया जाए. लियाम और उसके पिता को पिछले हफ्ते मिनेसोटा के मिनियापोलिस में उनके घर के बाहर से इमिग्रेशन एजेंट्स ने हिरासत में लिया था. इसके बाद उन्हें करीब 1300 मील दूर टेक्सास के डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया. दोनों को एक हफ्ते से ज्यादा समय तक हिरासत में रखा गया.



# दावा : पाकिस्तान में 145 बलूच लड़ाके मारे गए

### बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी

**क्वेटा, 1 फरवरी (वार्ता) पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पिछले 40 घंटों में कम से कम 145 ब्लूच लड़ाके मारे गए हैं.**



रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरे प्रांत में खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान ये लड़ाके मारे गए. उन्होंने कहा कि खुफिया एजेंसियों के पास नियोजित हमलों के बारे में पहले से जानकारी थी, जिसके कारण उत्तर-पूर्वी क्वेटा, पंजगुर और शेरानी सहित अन्य क्षेत्रों में एक दिन पहले ही एहतियाती अभियान शुरू कर दिए गए थे. यह टिप्पणी बलूचिस्तान में क्वेटा, ग्वादर, कल्लात, खारान, मस्तुंग, पसनी, दलबांदिन, नोशकी, बुलाइदा, टंप, मच सहित कम से कम 16 स्थानों पर हुए सिलसिलेवार समन्वित हमलों के एक दिन बाद आई है. प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इन हमलों की जिम्मेदारी ली और इन्हें ऑपरेशन हेरोफ का दूसरा चरण बताया. बीएलए ने दावा किया कि हिंसा में 84 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए, 18 को जिंदा पकड़ा गया, 30 सरकारी संपत्तियों को नष्ट कर दिया गया या जब्त कर लिया गया और 23 दुश्मन वाहनों में आग लगा दी गई. बीएलए ने यह भी कहा कि उसने केंद्रीय सैन्य मुख्यालय सहित कई दुश्मन चौकियों पर नियंत्रण कर लिया, जिससे कई शहरों में आवाजाही प्रतिबंधित हो गई.

### पाकिस्तान ने 7 भारतीय नागरिकों को लौटाया

**नई दिल्ली, 01 फरवरी.** पाकिस्तान ने 7 भारतीय नागरिकों को अटारी-वाघा बॉर्डर के जरिए भारत को सौंपा है. सभी 2023 की पंजाब बाढ़ के दौरान अपने जानवरों को बचाने की कोशिश में बहकर पाकिस्तान चले गए थे. बीएसएफ ने उन्हें बॉर्डर से रिसीव किया और कस्टम एंड इमिग्रेशन फॉर्मेलिटी पूरी कर उनके परिवारों को सौंप दिया. इनमें 4 फतेहपुर, 1 जालंधर, 1 लुधियाना और 1 उत्तर प्रदेश के नागरिक हैं. इससे पहले भारत ने जनवरी में एक पाकिस्तानी नागरिक हाफिज मुहम्मद अब्बू बकर को रिहा कर पाकिस्तान भेजा था.

# हरीश दुहन ने संभाली डब्ल्यूसीएल की बागडोर

### डब्ल्यूसीएल के अध्यक्ष-सहप्रबंध निदेशक का पदभार किया ग्रहण



**नागपुर, 01 फरवरी. कोयला खनन में विशेष योग्यता के लिए जाने जाने वाले हरीश दुहन ने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला. वे वर्तमान में एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक है तथा उन्हें डब्ल्यूसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है.**

यह अतिरिक्त प्रभार 01 फरवरी से प्रारंभ होकर प्रारंभिक अवधि तीन माह के लिए अथवा आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा. हरीश दुहन आज वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के नागपुर स्थित मुख्यालय पहुंचे. मुख्यालय में डब्ल्यूसीएल के निदेशक मंडल, सीवीओ तथा मुख्यालय के सभी महाप्रबंधकों एवं विभागाध्यक्षों ने दुहन का स्वागत किया. इसके उपरांत उन्होंने मुख्यालय में कोयला उत्पादन, उत्पादकता एवं संबंधित विषयों पर समीक्षा बैठक ली. बैठक में निदेशक विक्रम घोष, निदेशक तकनीकी आनंदजी प्रसाद, निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे उपस्थित रहे.

### नागपुर क्षेत्र की खदानों का किया निरीक्षण

समीक्षा बैठक के उपरांत दुहन ने उमरेड तथा नागपुर क्षेत्र की खदानों का निरीक्षण किया एवं भविष्य की योजनाओं के विषय में क्षेत्रीय प्रबंधन से चर्चा की. हरीश दुहन को कोयला खनन क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक का व्यापक एवं बहुआयामी अनुभव प्राप्त है. उन्होंने नागपुर विश्वविद्यालय से माइनिंग इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि प्राप्त की है. वर्ष 1989 में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) से अपने करियर की शुरुआत करने वाले दुहन के पास फर्स्ट क्लास माइन मैनेजर सर्टिफिकेट तथा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की उपाधि भी है. अपने करियर के दौरान दुहन, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में निदेशक (तकनीकी-संचालन) के रूप में कार्य कर चुके हैं.

# कोलकाता के रेस्टोरेंट में मटन की जगह परोसा बीफ

**कोलकाता, 01 फरवरी. मशहूर पार्क स्ट्रीट इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है. यहां एक रेस्टोरेंट के वेटर को गिरफ्तार किया गया है, जिस पर आरोप है कि उसने एक यूट्यूबर को मटन की बजाय बीफ परोस दिया.**

यह मामला ओलीपब रेस्टोरेंट का है, जहां एक्टर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सायक चक्रवर्ती अपने दो दोस्तों के साथ पहुंचे थे. पुलिस जांच में पता चला कि यह घटना जानबूझकर या लापरवाही से हुई हो सकती है.

**क्या है पूरा मामला?:** यूट्यूबर सायक ने दावा किया कि उन्होंने मटन स्टेक ऑर्डर किया था, लेकिन स्टाफ ने बिना बताए बीफ परोस दिया. उनके अनुसार, डिश टेबल पर रखी गई और ग्रुप ने इसे मटन समझकर खा लिया. बाद में जब



दूसरी डिश लाई गई, तो स्टाफ ने बताया कि पहली वाली बीफ थी. बाद में जारी किए गए एक वायरल वीडियो में सायक को कहते हुए सुना जा सकता है, अभी हम पार्क स्ट्रीट के एक बहुत बड़े रेस्टोरेंट में हैं. हमने मटन स्टेक ऑर्डर किया था, लेकिन हमें बीफ स्टेक परोसा गया. जाहिर है, उन्होंने हमें नहीं बताया कि यह क्या है. उन्होंने बस ऑर्डर टेबल पर रखा और चले गए.

### सोशल मीडिया पर बवाल

इस वीडियो को सायक ने खुद पोस्ट किया था, लेकिन बाद में डिलीट कर दिया. बाद में बीजेपी नेता तरुणज्योति तिवारी ने जब इसे शेयर किया तो विवाद और बढ़ गया. बीजेपी नेता कीया घोष ने पोस्ट में कहा, एक जाने-माने ब्लॉगर और उनके दोस्त पार्क स्ट्रीट के एक रेस्टोरेंट ओलिपब गए और मटन स्टेक ऑर्डर किया, लेकिन उन्हें उसके बजाय बीफ स्टेक परोसा गया. वेटर बाद में मटन स्टेक लेकर लौटा और कहा कि यह गलती से हो गया था. बाद में, मैनेजर भी आया और मुस्कुराते हुए इसे एक गलती बताने की कोशिश की.

### ईरान का नहीं, वेनेजुएला का तेल खरीदेगा भारत : ट्रंप

**वाशिंगटन, 01 फरवरी (वार्ता)** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि भारत अब अपनी कच्चे तेल की जरूरतें ईरान या रूस के बजाय अमेरिका के माध्यम से वेनेजुएला का कच्चा तेल खरीदकर पूरी करेगा. राष्ट्रपति की आधिकारिक विमान एयरफोर्स वन पर सफर कर रहे थे. उनसे जब सवाल किया गया कि क्या चीन को कभी वह पैसा वापस मिल पाएगा, जो उसने वेनेजुएला को दिया था, तो ट्रंप ने कहा, मुझे उस बारे में कुछ नहीं पता, लेकिन चीन अगर हमसे समझौता करना चाहता है, तो उसका स्वागत है. हम तेल पर बहुत अच्छा समझौता करेंगे. हम चीन का स्वागत करते हैं. उन्होंने कहा, हम एक सौदा पहले ही कर चुके हैं. भारत हमारे साथ आ रहा है और वह वेनेज़ुएला का तेल खरीदेगा, न कि ईरान का. उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने मई 2025 में वेनेज़ुएला पर प्रतिबंध लगाये थे, जिसके बाद भारत ने वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदना नियंत्रित कर दिया था.

# भारत ने बांग्लादेश-मालदीव की आर्थिक सहायता घटाई

**नई दिल्ली, 01 फरवरी. भारत ने इस साल के केंद्रीय बजट में बांग्लादेश को दी जाने वाली आर्थिक सहायता को आधा कर दिया है और ईरान के चाबहार बंदरगाह परियोजना के लिए कोई भी राशि आवंटित नहीं की है. बजट में बांग्लादेश के लिए आवंटन को पिछले वर्ष के** 120 **करोड़ रुपये से घटाकर** 2026-27 **के लिए 6 करोड़ रुपये कर दिया गया है.**

शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद अगस्त 2024 में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार के दौरान भारत और बांग्लादेश के संबंधों में आई खटास को इस बजट कटौती से जोड़कर देखा जा रहा है.हालांकि, भारत द्वारा अपने कुछ मित्र देशों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता का आवंटन बढ़ाकर 5,686 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो पिछले बजट अनुमान



5,483 करोड़ रुपये से करीब 4 प्रतिशत अधिक है. इसके बावजूद यह राशि 2025-26 के संशोधित अनुमान 5,785 करोड़ रुपये से कम है. इस साल के बजट में सबसे बड़ा आश्चर्य चाबहार बंदरगाह परियोजना के लिए फंडिंग को पूरी तरह रोकना है.

2026-27 के लिए बजट दस्तावेजों में इस परियोजना के लिए कोई आवंटन नहीं किया गया है.

### नेपाल की आर्थिक सहायता 14 प्रतिशत बढ़ाई

बांग्लादेश और चाबहार के विपरीत, भारत से सहायता पाने वाले मिल देशों में भूटान सबसे ऊपर बना हुआ है. इस बार के बजट में भूटान के लिए आवंटन 6 प्रतिशत बढ़ाकर 2,289 करोड़ किया है. नेपाल कोआर्थिक सहायता में लगभग 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए इसे 800 करोड़ रुपये किया गया है, जबकि श्रीलंका को 400 करोड़ रुपये मिलेंगे, जो पहले की तुलना में लगभग एक-तिहाई अधिक है.

### मालदीव की आर्थिक मदद में 8% कटौती

केंद्रीय बजट में मालदीव के लिए भारत की आर्थिक सहायता में 8 प्रतिशत की कटौती करते हुए इसे 550 करोड़ रुपये कर दिया है, जबकि मॉरीशस को 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद 550 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं. अफगानिस्तान के लिए सहायता 150 करोड़ रुपये पर स्थिर रखी गई है, जो मुख्य रूप से मानवीय सहायता से जुड़ी है. वहीं, म्यांमार के लिए आवंटन में करीब 14 प्रतिशत की कटौती कर इसे 300 करोड़ रुपये कर दिया गया है.

**एआई इम्पैक्ट समिट** — प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार ने सचेत रहने की दी सलाह

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को नहीं सौंप सकते रचनात्मकता का काम

**नई दिल्ली, 01 फरवरी. सरकार के शीर्ष वैज्ञानिक सलाहकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग को लेकर सचेत किया और कहा है कि मानवता अपनी रचनात्मकता और सोचने की क्षमताओं को मशीनों को नहीं सौंप सकती.**





एआई इम्पैक्ट समिट से पहले भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद ने एआई संबंधी डीपफेक की समस्या से निपटने के लिए मौजूदा कानूनों का उपयोग करने का समर्थन किया. उन्होंने कहा कि कड़े कानून से नवाचार को नुकसान हो सकता है. उन्होंने कहा, हमें सतर्क रहना होगा. सतर्क नहीं रहने पर इसका नकारात्मक प्रभाव हो सकता है. दैनिक उपयोग में कैलकुलेटर के बढ़ते उपयोग के उदाहरण देते हुए सूद ने कहा, यदि आप अपनी सोच को आउटसोर्स करते हैं, तो यह मानवता के लिए बहुत बुरा होगा. एआई इंसानों के सोच का नतीजा है. आप अपनी रचनात्मकता, सोच को मशीन को नहीं सौंप सकते. सूद ने स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों में एआइ के उपयोग के लिए सुरक्षा उपायों की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने कहा, एआई का जिम्मेदारी से उपयोग बहुत आवश्यक है क्योंकि एआइ भी भ्रमित कर सकता है. यदि लोग सतर्क नहीं होंगे, तो वे उस भ्रम को वास्तविकता के रूप में लेंगे, जो अत्यधिक बुरा होगा.

बच्चों और महिलाओं के अश्लील कंटेट बनाए जाने से संबंधित ग्रोक विवाद के संबंध में सूद ने कहा कि मौजूदा कानून ऐसे मामलों से निपटने के लिए पर्याप्त हैं. उन्होंने कहा कि सरकार ने स्पष्ट किया है कि यदि आवश्यक हुआ तो नए नियम लाने में संकोच नहीं करेगी. गौरतलब है कि भारत 16-20 फरवरी को एआइ इम्पैक्ट समिट की मेजबानी करने वाला है.

# रोहित शेट्टी के घर फायरिंग से फैली दहशत

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

**मुंबई , 01 फरवरी. जुहू में फिल्म मेकर रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग की सनसनीखेज घटना की जिम्मेदारी कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गैंग ने ली है. शनिवार की देर रात हुई इस गोलीबारी में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है. मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच इस केस की जांच कर रही है.**



सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक पोस्ट के जरिए शुभम लोनकर और आरजू बिश्नोई नामक शख्स ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है, उसने फेसबुक पर लिखा है कि रोहित शेट्टी को कई बार मैसेज किया गया गया था कि वो उनके काम में दखल न दे, लेकिन वो उनकी बात नहीं समझे. ये हमला ट्रेलर है. राम राम जय बजरंग बली सभी भाइयों को आज जो ये मुंबई में (शेट्टी टावर) फिल्म डायरेक्टर रोहित शेट्टी के घर पर जो ये फायरिंग हुई है, उसकी जिम्मेदारी शुभम लोनकर, आरजू बिश्नोई, हरी बॉक्सर और हरमन संधू लेते हैं. हमने इसको बहुत बार मैसेज किया कि हमारे काम में दखल ना दे, लेकिन इसको समझ में नहीं आया. इसको ये छोटा सा ट्रेलर दिया है. इसको अगर आगे फिर हमारी बात नहीं समझ आई तो अब घर के बाहर नहीं इसके बेडरूम में गोली चलेगी. इसकी छाती पर और आगे पूरे बॉलीवुड को चेतावनी है. सूत्रों के मुताबिक, हमलावर बाइक से जुहू इलाके में आया था. उसने रोहित शेट्टी के घर से थोड़ी दूरी पर बाइक खड़ी की और पैदल चलते हुए शेट्टी टावर तक पहुंचा था.